भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
(एक मिनी रत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)
मानव संसाधन विकास विभाग
कल्याण भवन,
जगजीवन नगर,धनबाद-826003
सी.आई.एन.
U10101JH1972GOI000918

BHARAT COKING COAL LIMITED
(A Mini Ratna Company)
(A Subsidiary of Coal India Limited)
HRD Department Kalyan Bhawan,
Jagjivan Nagar, DHANBAD-826003
E mail:- gmhrd.bccl@coalindia.in
CIN: U10101JH1972GOI000918

**संदर्भ – बी.सी.सी.एल./मां.प्र.(मां.सं.वि.)/2022-23/ 538 दिनांक - 06.06.2022**

**झारखंड राज्य तथा अन्य राज्यों के सरकारी / निजी संस्थानों (सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) से माइनिंग इंजीनियरिंग में डिप्लोमा उत्तीर्ण बीसीसीएल-कर्मचारियों के 30 (तीस) पुत्रों/पुत्रियों को बर्ष 2022-23 में टेक्निशियन अप्रेंटिसशिप/पोस्ट डिप्लोमा प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (पी.डी.पी.टी.–माइनिंग) को प्रशिक्षण प्रदान करने संबंधी सूचना।**

सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित इस प्रावधान के तहत झारखंड राज्य तथा अन्य राज्यों के सरकारी / निजी संस्थानों (सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) से माइनिंग इंजीनियरिंग में डिप्लोमा उत्तीर्ण बी.सी.सी.एल.-कर्मचारियों के 30 (तीस) पुत्रों / पुत्रियों को टेकनिशियन अप्रेंटिसशिप / पोस्ट डिप्लोमा प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (पी.डी.पी.टी.– माइनिंग) का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।

उपर्युक्त अप्रेंटिसशिप के लिए इच्छुक छात्रों / छात्राओं को यह सूचित किया जाता है कि वे अपना आवेदन-(सभी दृष्टि से पूर्ण-संलग्नकों सहित ) दिये गए विहित आवेदन प्रपत्र (संलग्न) में भरकर उचित माध्यम द्वारा महाप्रबंधक (मा.स.वि.), कल्याण भवन,जगजीवन नगर, धनबाद को प्रेषित करें।

इस प्रशिक्षण हेतु योग्यता / पात्रता एवं अन्य संबंधित संक्षिप्त महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी इसी सूचना में क्रमश: दर्शायी गयी हैं। कृपया निम्नलिखित दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

इस सूचना के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र को बी.सी.सी.एल. कर्मचारियों के पुत्रों या पुत्रियों द्वारा विधिवत रूप से भरकर ( सभी दृष्टि से पूर्ण संलग्नकों सहित ) प्रेषित करें। (बी.सी.सी.एल. कर्मचारियों से प्राप्त होने वाले आवेदन (विहित आवेदन प्रपत्र में संलग्नकों सहित) को संबंधित क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक एवं महाप्रबंधक अथवा मुख्यालय के मामले में महाप्रबंधक / विभागाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष (कर्म.स्था.) द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित एवं अग्रेषित किया जाय। **केवल डाक द्वारा भेजे गए आवेदन को माना जायेगा, व्यक्तिगत रूप से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

इस आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों को संलग्न किया जाय:

क) अनुसूचित जाति (अनु.जा.)/अनुसूचित जनजाति (अनु.ज.जा.)/और अन्य पिछड़ा वर्ग (अ.पि.जा.) –एन.सी.एल. (Non-Creamy Layer not earlier than one year) प्रमाण पत्र, यदि लागू है। Non-Creamy Layer Certificate (एक वर्ष से पुराना नहीं हो।)

ख) सेवा अभिलेख की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि

ग) मैट्रिक-अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि

घ) डिप्लोमा-अंकपत्र की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि

ङ) डिप्लोमा-प्रमाणपत्र की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि

च) आधार कार्ड की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि

छ) ऑनलाईन रूप से स्वीकृत रजिस्ट्रेशन / इनरोलमेंट आईडी ( ID) का प्रिंटआउट,जिसमें

(i) 16 अंको का N.A.T.S. (पंजीकृत) इनरोलमेंट आइडी

(ii) N.A.T.S. पोर्टल में पंजीकरण की तिथि,

का साफ साफ विवरण हो,

ज) चिकित्सकीय दृष्टि से स्वस्थ होने का प्रमाणपत्र / (मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट)

1. आवेदन के साथ संलग्न सभी दस्तावेज संबंधित नियंत्रक अधिकारी/कार्मिक अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए। आवेदन को अग्रेषित करने से पहले अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि अभ्यर्थी का नाम संबंधित कर्मचारी के सेवा अभिलेख के अनुसार सही हो।
2. मानव संसाधन विकास, कल्याण भवन, जगजीवन नगर, धनबाद, (बी.सी.सी.एल.) में जमा / प्राप्त होने वाले आवेदनों की जांच सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से गठित अधिकारियों की समिति द्वारा की जाएगी।
3. केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को इस अप्रेंटिसशिप के लिए पात्र माना जाएगा जो राष्ट्रीय वेब पोर्टल www.mhrdnats.gov.in के तहत पंजीकृत हैं। पी.डी.पी.टी. हेतु बी.ओ.पी.टी. (पू.क्षे.), कोलकाता के दिशानिर्देशों के अनुसार यह अनिवार्य है।
4. अभ्यर्थियों का अप्रेटिसशिप प्रशिक्षण एन.ए.टी.एस (N.A.T.S.) पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा बी.ओ.पी.टी. (पू.क्षे.),कोलकाता के दिशानिर्देशों के अनुसार।

**बी.ओ.पी.टी. (पू.क्षे.),कोलकाता में दिनांक 22 सितम्बर,2021 के अनुसार संपन्न बैठक में कार्यवृत्त के अनुसार अभ्यर्थियों की सूची तैयार करते समय निम्न क्रमानुसार प्राथमिकता दी जाएगी :-**

I. **झारखण्ड राज्य सरकार के राजकीय पॉलिटेकनिक** के छात्रों को पहली प्राथमिकता दी जाएगी।

II. अगर सीटें बचती हैं , तो **झारखण्ड राज्य के सभी निजी पॉलिटेक्निकों** / संस्थानों (सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) के छात्रों को तदुपरांत प्राथमिकता दी जाएगी ।

III. अगर सीटें बचती हैं तो **बिहार राज्य** सरकार के **राजकीय पॉलिटेकनिक** के छात्रों को प्राथनिकता दी जाएगी।

IV. अगर सीटें बचती हैं तो **बिहार राज्य सरकार के निजी पॉलिटेकनिक** के छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।

V. अगर सीटें बचती हैं **ओडिशा राज्य सरकार के निजी पॉलिटेकनिक** के छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।

VI. अगर सीटें बचती हैं तो **पूर्वी क्षेत्र के सभी निजी पॉलिटेकनिक** के छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।

VII. उपर्युक्त प्राथमिकताओं के पश्चात भी यदि सीटें खाली बचती है तो **अन्य राज्यों के निजी पॉलिटेक्निकों** / संस्थानों (सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) के छात्रों को तदुपरांत प्राथमिकता दी जाएगी।

केवल विहित प्रपत्र में विधिवत रूप से भरे गए एवं सभी दृष्टि से पूर्ण आवेदन को ही उचित माध्यम द्वारा महाप्रबंधक(मा.सं.वि.), बी.सी.सी.एल.,कल्याण भवन के कार्यालय में भेजा जाय। व्यक्तिगत रूप से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात **28 जुलाई 2022 के शाम पाँच बजे** (05 P.M.) के उपरांत प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की त्रुटि एवं विलम्ब के लिए आवेदनकर्ता स्वयं ही जिम्मेवार होंगें तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा। आवेदन को **14 जून, 2022 (प्रात: दस बजे) से 28 जुलाई, 2022 (शाम पाँच बजे)** तक महाप्रबंधक (मा.सं.वि.) के कार्यालय, जगजीवन नगर, कल्याण भवन, बी.सी.सी.एल., धनबाद में जमा किया जाय।

6/06/2022

महाप्रबंधक

(मा.सं.वि),कल्याण भवन।

06/06/2022

प्रतिलिपि:-

1. सभी मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक/बिभागाध्यक्ष/..........क्षेत्र/वाशरी/रोपवे/एमआरएस,धनसार तथा केंद्रीय चिकित्सालय,धनबाद।
2. सभी क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक
3. सभी बिभागाध्यक्ष, कोयला भवन
4. सभी परियोजना पदाधिकारी.................कोलियरी/क्षेत्र
5. निदेशक (कार्मिक) के तकनीकी सचिव/निदेशक (तक.)परिचालन के तकनीकी सचिव
6. महाप्रबंधक (मा.सं.वि.), कोल इंडिया लिमिटेड
7. Director, Board Of Practical Training, Eastern Region, Kolkata

**टिप्पणी: व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु इस सूचना को सभी कोलियरी/क्षेत्र/मुख्यालय के कार्यस्थलों के सभी नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए।**

**माइनिंग इंजिनियरिंग में डिप्लोमा उत्तीर्ण बीसीसीएल-कर्मचारियों के पुत्रों / पुत्रियों के लिए टेकनिशियन अप्रेंटिसशिप / पोस्ट डिप्लोमा प्रैक्टिकल ट्रेनिंग ( पीडीपीटी – माइनिंग ) हेतु आवेदन प्रपत्र ।**

1. क) आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में)

.....................................................................................

ख) N.A.T.S. (पंजीकृत) इनरोलमेंट आइडी

.....................................................................................

ग) N.A.T.S. पोर्टल में पंजीकरण की तिथि

...........................................................................

घ) संस्थान का नाम एवं पता(Name of College with address)

.....................................................................................

.....................................................................................

जिला........................राज्य.........................

i) क्या सरकारी या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से आवेदक ने माइनिंग इंजिनीयरिंग में डिप्लोमा परीक्षा उत्तीर्ण की है । विवरण दें .......................................(राजकीय/निजी)

च) डिप्लोमा परीक्षा उत्तीर्ण-वर्ष : ......................................

छ) जन्मतिथि : ......................................

ज) संपर्क संख्या : ......................................

झ) ईमेल आयडी : ......................................

2. क) पिता / माता का नाम : ......................................

ख) पिता / माता का कर्मी सं. : ......................................

ग) पिता / माता का पदनाम : ......................................

घ) पिता / माता का पदस्थापना/ कार्य स्थल का नाम:.........................

3. क्या आवेदक अनु. जाति / अनु.ज.जाति / अ.पि.जाति ( एन.सी.एल.) हैं ( हाँ या नहीं ) ........... यदि हाँ तो वैध प्रमाण पत्र संलग्न करें ।

**मै यह घोषणा करता/ करती हूँ कि यदि भविष्य में मेरे द्वारा दी गयी कोई जानकारी गलत पाई जाती है , तो प्रबंधन मुझे बिना कोई कारण दर्शाये मेरे आवेदन को रद्द कर सकता हैं ।**

आवेदक का पिता / माता का हस्ताक्षर : .........................

आवेदक का पिता / माता का नाम : .............................

आवेदक का नाम : ...................................

आवेदक का हस्ताक्षर : ..............................

**कार्यालय उपयोग हेतु ( For official use )**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री / श्रीमती / सुश्री

.........................................................................................

पिता/ माता :............................................................................ कर्मी

सं.......................................... ,

जो : ............................................. क्षेत्र / विभाग के अंतर्गत :

............................................... ...

कोलियरी / विभाग में कार्यरत हैं, के पुत्र / पुत्री हैं (सेवा अभिलेख के अनुसार) ।

कार्मिक अधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहर
इकाई / क्षेत्र / मुख्यालय-विभाग

क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक का हस्ताक्षर एवं मुहर

महाप्रबंधक / विभागाध्यक्ष का हस्ताक्षर एवं मुहर
क्षेत्र / मुख्यालय-विभाग

महाप्रबंधक (मा.सं.वि.वि.)
कल्याण भवन ।

## संलग्न दस्तावेजो की सूचि (list of documents to be attached)

1.अनुसूचित जाति (अनु.जा.)/अनुसूचित जनजाति (अनु.ज.जा.)/और अन्य पिछड़ा वर्ग (अ.पि.जा.) – एन.सी.एल. (Non-Creamy Layer not earlier than one year) प्रमाण पत्र, यदि लागू है।

**जाति.......................(सामान्य/SC/ST/OBCप्रमाण-पत्र**
**संलग्न.....................(हाँ/नहीं)**

2.सेवा अभिलेख की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि
**संलग्न....................(हाँ/नहीं)**

3.मैट्रिक-अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि
**संलग्न.....................(हाँ/नहीं)**

4.डिप्लोमा-अंकपत्र की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि
**संलग्न.....................(हाँ/नहीं)**

5.डिप्लोमा-प्रमाणपत्र की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि
**संलग्न.....................(हाँ/नहीं)**

6.आधार कार्ड की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि
**संलग्न.....................(हाँ/नहीं)**

7.ऑनलाईन रूप से स्वीकृत रजिस्ट्रेशन / इनरोलमेंट आईडी (My Profile) का प्रिंटआउट,जिसमे

(i) 16 अंको का N.A.T.S. (पंजीकृत) इनरोलमेंट आइडी

(ii) N.A.T.S. पोर्टल में पंजीकरण की तिथि,

का साफ साफ विवरण हो,
**संलग्न.....................(हाँ/नहीं)**

8.चिकित्सकीय दृष्टि से स्वस्थ होने का प्रमाणपत्र / (मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट)
**संलग्न.....................(हाँ/नहीं)**

**कुल दस्तावेज संलग्न (Total no. of documents attached)...............(संक्या/Figure)**

आवेदक का पिता / माता का हस्ताक्षर : ........................

आवेदक का हस्ताक्षर : .............................